Regarding road connectivity in Ambedkar Nagar

Parliamentary Constituency-laid

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): मेरे लोक सभा क्षेत्र अम्बेडकर नगर के अकबरपुर ब्लॉक की अरिया दलित बस्ती सभी मुख्य मार्गों से कट चुकी है । शारदा नहर पर एक मात्र पैदल पुल के 2 साल पहले टूटने के कारण यह दलित बस्ती संचार के सभी माध्यमों से वंचित है । बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते और मरीज़ो को जैसे-तैसे अस्पताल पहुँचाया जाता है । मैंने नहर विभाग चीफ़ अयोध्या को फ़ोन और पत्र के माध्यम से कई बार समस्या का निस्तारण करने के लिए कहा, किंतु विभाग ने इन दलितों के प्रति कोई रुचि नहीं दिखाई । इसे ले कर जनता अत्यंत ही पीड़ित है और आंदोलन पर उतारू है । मेरा माननीय संसदीय कार्य मंत्री से निवेदन है कि उत्तर प्रदेश सरकार को इस समस्या का निस्तारण करने के लिए तुरंत प्रबंधन करवाने हेतु पहल की जाये ।